Regarding need to establish a medical college in Maharajganj Parliamentary Constituency, Bihar- Laid

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) **:** मेरा संसदीय लोकसभा क्षेत्र महाराजगंज,बिहार एक अतिपिछड़ा क्षेत्र है । हमारे संसदीय क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण आधुनिक तरीके से उच्च शिक्षा प्रदान करने वाली संस्थाओं का घोर आभाव है । हमारे संसदीय क्षेत्र में मेडिकल के क्षेत्र में शिक्षा प्रदान करने वाली एक भी संस्था नहीं है । मेरे संसदीय क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज नहीं होने से आर्थिक रूप से कमजोर, गरीब, पिछड़े, अति पिछड़े, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति परिवार के वैसे प्रतिभाशाली छात्र /छात्रायें जो मेडिकल के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण कर अपना भविष्य बनाना चाहते हैं, वो नहीं कर पाते हैं । इसलिए हमारे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत एक मेडिकल कॉलेज स्थापित किया जाना अति आवश्यक है । वैसे भी सरकार की योजना है कि देश के प्रत्येक संसदीय लोकसभा क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित किया जायेगा ।

अत : सरकार से मेरा आग्रह है कि वह जनहित में मेरे संसदीय लोकसभा क्षेत्र महाराजगंज, बिहार अंतर्गत एक मेडिकल कॉलेज स्थापित कराये ताकि जनता को स्थानीय स्तर पर मेडिकल की पढ़ाई की सुविधा मिल सके ।